श्री राहुल गांधी, सदस्य, इंडियन नेशनल कांग्रेस द्वारा आज दिनांक 07 अगस्त, 2025 को एक प्रेस कांफ्रेंस में उत्तर प्रदेश का भी जिक्र किया गया जिसमें उनके द्वारा तथ्य रखा गया कि दो मतदाता जिनका नाम श्री आदित्य श्रीवास्तव पुत्र श्री एस0पी0श्रीवास्तव(एपिक नं0 FPP6437040) एवं श्री विशाल सिंह पुत्र श्री महीपाल सिंह(एपिक नं0 INB2722288) हैं। इनका नाम उ0प्र0 के साथ–साथ अन्य प्रदेश की विधान सभाओं की मतदाता सूची में भी अंकित है। श्री राहुल गांधी द्वारा यह आंकड़े दिनांक 16 मार्च 2025 को भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से निकाले हुए दिखाए गये हैं। श्री आदित्य श्रीवास्तव का नाम चार जगह अंकित दिखाया गया है। इनका नाम मुंबई सब अर्बन की विधान सभा 158 जोगेश्वरीपूर्व की बूथ संख्या 197 क्र0सं0 877, बैगलोर अर्बन की विधान सभा 174 महादेवपुरा के बूथ संख्या 458 क्र0सं0 1265 , बूथ सं0 459 क्र0सं0 678 पर एवं लखनऊ की विधान सभा 173 लखनऊ पूर्व के बूथ संख्या 84 क्र0सं0 630 पर अंकित दिखाया गया है। श्री विशाल सिंह पुत्र श्री महीपाल सिंह का नाम तीन जगह अंकित दिखाया गया है। इनका नाम बैंगलोर की विधान सभा 174 महादेवपुरा में बूथ सं0 513 क्र0सं0 926 एवं बूथ सं0 321 क्र0सं0 894 तथा वाराणसी की विधानसभा 390 वाराणसी कैण्ट में बूथ सं0 82 क्र0सं0 516 पर अंकित दिखाया गया है।

आज दिनांक 07 अगस्त, 2025 को श्री आदित्य श्रीवास्तव पुत्र श्री एस0पी0श्रीवास्तव(एपिक नं0 FPP6437040) एवं श्री विशाल सिंह पुत्र श्री महीपाल सिंह(एपिक नं0 INB2722288) के नाम को voters.eci.gov.in पर सर्च किया गया तो पाया गया कि श्री आदित्य श्रीवास्तव पुत्र श्री एस0पी0श्रीवास्तव(एपिक नं0 FPP6437040) का नाम बैगलोर अर्बन की विधान सभा 174 महादेवपुरा के बूथ संख्या 458 क्र0सं0 1265 में एवं श्री विशाल सिंह पुत्र श्री महीपाल सिंह(एपिक नं0 INB2722288) का बैंगलोर की विधान सभा 174 महादेवपुरा में बूथ सं0 513 क्र0सं0 926 पर ही अंकित है एवं उपरोक्त मतदाताओं का नाम उत्तर प्रदेश की विधान सभा 173 लखनऊ पूर्व एवं विधान सभा 390 वाराणसी कैण्ट में इनका नाम अंकित नहीं है।